>

Title : Need to open all the closed Fertilizer units in the country.

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): कृषि कार्य में खाद के माध्यम से किसान अपनी भूमि की उर्वरता बढ़ाने का काम करता है, जिस पर खाद्यान्न उत्पादन निर्भर होता है। किसानों को हर साल पर्याप्त खाद हासिल करने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है, खाद की कमी दूर करने के लिए सरकार को विदेशों से आयात करना पड़ता है। भारत में अनेक खाद कारखाने बंद पड़े हैं। खाद के इन बंद कारखानों के खुलने से मजदूरों को काम मिलेगा, किसानों को खाद मिलेगा, खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ेगा और विदेशों पर खाद की आपूर्ति की निर्भरता घटेगी।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि देश के सभी उर्वरक कारखाने खोले जायें, जिसस देश में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जा सके।